भा.वा.अ.शि.प. - वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट, असम में "कंठस्थ 2.0" विषय पर दिनांक 18 जून, 2024 तक एक दिवसीय हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट, असम में "**कंठस्थ 2.0**" सॉफ्टवेयर विषय पर दिनांक 18 जून, 2024 को एक दिवसीय हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन संस्थान निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी के मार्गदर्शन और निर्देशन में किया गया। यह कार्यशाला चतुर्थ बार आयोजित की गई। अब तक संस्थान में कंठस्थ 2.0 सॉफ्टवेयर पर लगभग 100 से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) एवं वैज्ञानिक-जी डॉ. राजीब कुमार बोरा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि **कंठस्थ 2.0 सॉफ्टवेयर अनुवाद के लिए बेहतर सॉफ्टवेयर/टूल है। हम सभी को कंठस्थ 2.0 साफ्टवेयर का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए।** कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्थान के डॉ. विश्वनाथ शर्मा, वैज्ञानिक-सी एवं हिन्दी नोडल अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कंठस्थ 2.0 संस्करण का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ के रूप में संस्थान के श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को मशीनी अनुवाद की परिभाषा व प्रकार, कंठस्थ 2.0 सॉफ्टवेयर तथा इसके मोबाइल एप का परिचय, पंजीकरण, प्रमुख विशेषताएं एवं कार्यप्रणाली आदि से संबंधित सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार की जानकारियाँ दी। कार्यशाला में संस्थान से कुल 20 और भा.वा.अ.शि.प.-बाँस एवं रत्तन केंद्र, आइज़ॉल, मिजोरम से कुल 08 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ...

कार्यशाला में भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट सहित भा.वा.अ.शि.प.-बाँस एवं रत्तन केंद्र, आइज़ॉल, मिजोरम से प्रतिभागियों की उपस्थिति



श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट, असम कंठस्थ 2.0 विषय पर व्याख्यान देते हुए

****